AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लखनऊ विवि : यूजी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

विवि-कॉलेजों में सवा लाख विद्यार्थी होंगे शामिल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों की स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 मार्च मंगलवार से शुरू हो रही हैं। इस साल से लखनऊ के अलावा सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी व रायबरेली के संबद्ध कॉलेजों में भी विवि की ओर से परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में लगभग 1.31 लाख विद्यार्थी शिरकत करेंगे। विवि की ओर से देर शाम तक परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

विवि प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों व कॉलेजों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश भी जारी किए गए। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विद्यार्थियों को प्रवेश पहली पाली में सुबह 8.15 बजे से और दूसरी पाली में 1.15 बजे से गेट नंबर एक, दो, चार व पांच से दिया जाएगा। परीक्षा में विद्यार्थियों को कोविड नियमों को पालन करना होगा। परीक्षार्थी मोबाइल व बैग आदि नहीं लेकर आएंगे। वहीं, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से निर्देश जारी कर कॉलेजों व नोडल केंद्रों को पूरी गोपनीयता व सुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इधर, लॉ की परीक्षाएं 11 अप्रैल से प्रस्तावित

लखनऊ विवि में एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम व पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 अप्रैल से प्रस्तावित की गई हैं। डीन विधि संकाय प्रो. सीपी सिंह की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि विद्यार्थी इसके अनुसार तैयारी सुनिश्चित करें। दो दिन में स्कीम भी जारी कर दी जाएगी। बता दें कि पूर्व में दो बार परीक्षाओं की तिथि जारी करने के बाद निरस्त की गई हैं।

बीफार्मा की परीक्षाएं अप्रैल पहले सप्ताह में

लखनऊ विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बीफार्मा पहले सेमेस्टर की सेमेस्टर परीक्षा भी अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित की गई हैं। छात्रों के परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए सोमवार को स्ट्रेस मैनेजमेंट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. अर्चना शुक्ला ने छात्रों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट की विभिन्न तकनीकी के बारे में जानकारी दी। संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने अतिथि का स्वागत किया।

औचक निरीक्षण में 100 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, कड़ी चेतावनी जारी

लखनऊ। लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने सोमवार को सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विभिन्न विभागों में अनुपस्थित कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका चेक की। निरीक्षण में 20 विभागों में कुल 100 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिन्हें रजिस्ट्रार की तरफ से कड़ी चेतावनी जारी की गई। दोबारा इसकी पुनरावृत्ति पर कार्रवाई के लिए चेताया गया है। दूसरी तरफ, लखनऊ विवि कर्मचारी परिषद के पूर्व अध्यक्ष रिंकू राय ने कहा कि कई कर्मचारी निजी कारणों से आकस्मिक अवकाश पर थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

'फोटोग्राफी, डिजाइनिंग का काम करें'

लखनऊ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सोमवार को कला एवं शिल्प महाविद्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही

एमवीए छात्रों की ओर से लगाई गई फोटोग्राफी व एडवरटाइजिंग डिजाइन की प्रदर्शनी को देखा। उन्होंने छात्रों के प्रयास की सराहना की और विवि के लिए होने वाली फोटोग्राफी व डिजाइनिंग प्रोफेशनल कार्यों के लिए आमंत्रित किया। इसके लिए उचित पारिश्रमिक भी दिया जाएगा। प्रो. राय ने अप्लाइड आर्ट विभाग के कंप्यूटर ग्राफिक व फोटोग्राफी डिपार्टमेंट के लिए कंप्यूटर व फोटोग्राफी लाइट्स व अन्य इक्विपमेंट के अपग्रेडेशन के लिए आश्वासन दिया। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत 29 मार्च से होने वाली स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की संशोधित स्कीम जारी कर दी है। इसके लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने सोमवार को गाइडलाइन जारी कर दी है, साथ ही परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के भीतर बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

विस्तृत कार्यक्रम लखनऊ विवि की वेबसाइट पर: कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश-पत्र देखकर प्रथम पाली में प्रातः 8.15 बजे, द्वितीय पाली में अपराह्न 1.15 बजे प्रवेश दिया जायेगा। प्रस्तावित कार्यक्रम में 28 अप्रैल तक परीक्षाएं होनी हैं। छात्र-छात्राएं इसका विस्तृत कार्यक्रम लखनऊ विवि की वेबसाइट पर देख सकते हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि अभी नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। यूजी प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाओं का कार्यक्रम जल्द ही अलग से जारी किया जाएगा।



01 लाख 31 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे परीक्षा में

- यूजी प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षाओं का कार्यक्रम जल्द ही अलग से जारी किया जाएगा।

वाहनों के प्रवेश पर रहेगी रोक

सभी को कोविड नियमों का पालन करना होगा। विश्वविद्यालय परिसर में वाहनों के प्रवेश भी रोक रहेगी। परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य सामग्री मोबाइल या बैग लेकर आने पर परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा।

एलएलबी की परीक्षा 11 से

लखनऊ। एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम और एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 अप्रैल से होंगी। पहले ये परीक्षा दो अप्रैल को होनी थी। विस्तृत जानकारी दो दिन में वेबसाइट पर भेज दी जाएगी। विधि महाविद्यालयों के प्राचार्य को जानकारी दे दी गई है।

100 कर्मी गैर हाजिर मिलने पर चेतावनी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह द्वारा विवि के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया गया। जिसमें डिस्पैच अनुभाग, सामान्य प्रशासन, सूचना प्रकोष्ठ, छात्रवृत्ति अनुभाग, शोध अनुभाग, विधिक प्रकोष्ठ, सहायक कुलसचिव पर्सनल स्टाफ आदि का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें लगभग 100 कर्मचारी कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए।

कार्रवाई की जाएगी: कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह ने कठोर चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि वह भविष्य में समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इसकी पुनः पुनरावृत्ति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

छात्रों का तनाव कम करने के लिए हुई कार्यशाला

लखनऊ। एलयू के इंस्टीट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बी फार्मा प्रथम की सेमेस्टर परीक्षा अप्रैल के प्रथम सप्ताह से प्रस्तावित है। परीक्षा का डर दूर करने के लिए सोमवार को संस्थान के सेमिनार हाल में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर वर्कशॉप हुई। मुख्य वक्ता डॉ. अर्चना शुक्ला ने कहा कि अपनी ताकत और अपनी कमजोरी को पहचानें, दोषारोपण बंद करें।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय में प्रदर्शनी

लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय में सोमवार को वाइस चांसलर प्रो. आलोक कुमार राय पहुंचे। कॉलेज में एमवीए के छात्रों द्वारा लगाई गई फोटोग्राफी व एडवरटाइजिंग डिजाइन की प्रदर्शनी में छात्रों के साथ अप्लाइड आर्ट के हेड रवि कांत पांडे, शिक्षक अतुल हुंडू व अमृत सिन्हा ने छात्रों की कलाकृतियों की बारीकियों से वीसी को अवगत कराया।

NBT PAGE 6

'कलर, कट, क्लीयरिटी देखकर खरीदें हीरा'

■ **एनबीटी, लखनऊ :** हीरे सहित अन्य रत्न खरीदते समय कलर, कट, क्लीयरिटी, कैरेज का ध्यान रखना चाहिए। यह बात जेमोलिस्ट मीनू व्यास ने सोमवार को एलयू के डिपार्टमेंट ऑफ जियॉलजी में शुरू हुई प्रीशियस, सेमिप्रिशियस एंड डाइमेंशनल स्टोन वर्कशॉप के दौरान कही। इसके साथ ही बेचने वालों को भी स्पष्ट डिस्क्लोजर रखने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम में इतिहासविद में रवि भट्ट, जीएसआई भुवनेश्वर के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डॉ. जेएन दास, मैट्रिक्स इंडिया के चेयरमैन एमएफ मक्की, सीनियर जियॉलजिस्ट गौतम कुमार दिनकर, एमरसा जेम्स के सीईओ प्रतीक झावेरी और प्रो. ध्रुव सेन सिंह मौजूद रहे। विभाग के हेड डॉ. अजय मिश्र ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत कार्यशाला का आयोजन करवाया जा रहा है।

'तनाव न लें, ताकत पहचानें'

■ **एनबीटी, लखनऊ :** एलयू के इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बी फार्मा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल में होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से बचाने की मकसद से सोमवार को वर्कशॉप हुई। इसमें डॉ अर्चना शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी तनाव न लें और अपनी ताकत व कमजोरी को पहचानें। भैषजिक विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी काम को 10 हजार घंटे करने पर निपुणता आ जाती है।

रंगों से उकेरा वन्य जीवन

■ **एनबीटी, लखनऊ:** एलयू में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पांचवें दिन फेस व हैंड पेंटिंग के साथ ही कविता प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता की थीम युद्ध, शांति व वन्य जीवन रही। जबकि कविता प्रतियोगिता की थीम आजादी का अमृत महोत्सव रखा गया। इस मौके पर डॉ. मोहिनी गौतम और डॉ. मीरा सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

TOI PAGE 2

LU's Arts College to acquire hi-tech lights, cameras

V Sunil

COLOURS & CREATIVITY: Final year students of Master's in Fine Arts course presenting their works on Monday

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Lucknow University's College of Arts and Crafts will soon acquire hi-tech lights, cameras and other equipment to add more sharpness and expertise in their fine arts work.

The announcement was made by University authorities on Monday during the artwork presentation of the final year students of Master's in Fine Arts course.

"For the last two years due to Covid-19, the final year students could not put their work on display. This exercise motivates them as their hard work gets appreciated. They also get suggestions from experts on improving their work further," said dean, fine arts, Alok Kumar. He said the work of final years students of sculpture, fine arts and commercial arts were put on display. "We work hard throughout the year to transform our creativity and imagination into artwork. Displaying our work at our respective departments was not only exciting but the compliments received by University officials and our teachers have filled us with new confidence and energy," said MFA student Ayushi Singh.

Another student Abhay Gupta said, "Have never thought that the vice-chancellor of our University will see our artwork and motivate us to become 'atma nirbhar' through our talent and creativity."

"Our students are very talented. Soon, we will give a digital push to the Arts college. Facilities like computers, photography lights and equipment for the computer graphic photography will be made available to them at the college," said Prof Alok Kumar Rai, vice-chancellor, Lucknow University.

i-NEXT PAGE 4

एलयू यूपी फर्स्ट सेमेस्टर एग्जाम आज से

लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में एक लाख 31 हजार परीक्षार्थी रजिस्टर्ड

197 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षाएं, चार जिलों में बनाए गए 21 नोडल केंद्र

CONCEPT PIC

सोमवार देर शाम तक विश्वविद्यालय एवं परीक्षा केंद्र बने कालेज तैयारियों में जुटे रहे. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे तथा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी.

LUCKNOW (28 Mar): लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम सेमेस्टर दिसंबर-2021 की परीक्षाओं की शुरुआत मंगलवार से होगी. बी.ए, बी.काम, बी.एससी व बी.एससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व सीतापुर में 197 केंद्र बनाए गए हैं. सोमवार देर शाम तक विश्वविद्यालय एवं परीक्षा केंद्र बने कालेज तैयारियों में जुटे रहे. प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे तथा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी.

चार जिलों में 21 नोडल केंद्र भी बनाए गये

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली गई हैं. लखनऊ में 49 और चार अन्य जिलों में 148 केंद्र बनाए गए हैं. पांच जिलों में एक लाख 31 हजार परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं. परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं आदि भेजने के लिए चार जिलों में 21 नोडल केंद्र भी बनाए हैं.

45 मिनट पहले ही मिलेगा छात्रों को प्रवेश

छात्र-छात्राओं को परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले प्रवेश दिया जाएगा. सुबह की पाली में 8.15 बजे और दोपहर की पाली में 1.15 बजे प्रवेश मिलेगा. विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को गेट नंबर एक, दो, चार और पांच से अंदर जाने दिया जाएगा.

हर जिले के लिए सचल दल गठित

चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि नकल विहीन परीक्षाएं कराने के लिए लखनऊ में पहले ही सचल दल गठित हैं. चार अन्य जिलों के लिए भी सचल दल बनाए गए हैं.

शेड्यूल

- बी.ए प्रथम सेमेस्टर : फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली-1 (मेजर, माइनर). सुबह नौ से 12 बजे तक
- बी.एससी प्रथम सेमेस्टर व बीए प्रथम सेमेस्टर (एंथ्रोपोलोजी, स्टैटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स)- जियोलाजी-(मेजर, माइनर)- पेपर 1, दोपहर दो से शाम पांच बजे तक.
- बी.एससी होम साइंस-प्रथम सेमेस्टर-फंडामेंटल्स आफ फूड्स एंड न्यूट्रिशनल बायोकेमिस्ट्री. दोपहर दो से शाम पांच बजे तक.

प्रवेश पत्र डाउनलोड होने में रही दिक्कत

परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय पहले ही प्रवेश पत्र जारी कर चुका है, लेकिन सोमवार को कई विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हुए तो वे परीक्षा विभाग में पहुंच गए. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि कुछ विद्यार्थी आए थे, उनके प्रवेश पत्र डाउनलोड हो गए.

JAGARAN CITY PAGE III

स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

लवि : लखनऊ, रायबरेली, हरदोई लखीमपुर खीरी और सीतापुर में 197 केंद्र बने

जागरण संवाददाता : लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रथम सेमेस्टर दिसंबर-2021 की परीक्षाओं की शुरुआत मंगलवार से होगी। बी.ए, बी.काम, बी.एससी व बी.एससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व सीतापुर में 197 केंद्र बनाए गए हैं। सोमवार देर शाम तक विश्वविद्यालय एवं परीक्षा केंद्र बने कालेज तैयारियों में जुटे रहे। प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे तथा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी पूरी कर ली गई है। लखनऊ में 49 और चार अन्य जिलों में 148 केंद्र बनाए गए हैं। पांच जिलों में एक लाख 31 हजार परीक्षार्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाएं आदि भेजने के लिए चार जिलों में 21 नोडल केंद्र भी बनाए हैं।

45 मिनट पहले मिलेगा प्रवेश : छात्र-छात्राओं को परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले प्रवेश दिया जाएगा। सुबह की पाली में 8.15 बजे और दोपहर की पाली में 1.15 बजे प्रवेश मिलेगा। विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को गेट नंबर एक, दो, चार और पांच से अंदर जाने दिया जाएगा।

प्रवेश पत्र डाउनलोड होने में रही दिक्कत : परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय पहले ही प्रवेश पत्र जारी कर चुका है, लेकिन सोमवार को कई विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं हुए तो वे परीक्षा विभाग में पहुंच गए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि कुछ विद्यार्थी आए थे, उनके प्रवेश पत्र डाउनलोड हो गए।

हर जिले के लिए सचल दल गठित : चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि नकल विहीन परीक्षाएं कराने के लिए लखनऊ में पहले ही सचल दल गठित हैं। चार अन्य जिलों के लिए भी सचल दल बनाए गए गए हैं।

केंद्र पर प्रवेश मिले तो करें कार्रवाई : प्रत्येक कक्ष में कम से कम दो कक्ष निरीक्षक तैनात किए जाएंगे। हर विद्यार्थी के लिए 20 वर्गफीट के क्षेत्रफल के हिसाब से बैठने की व्यवस्था की जाएगी। एक विषय के परीक्षार्थी के पीछे तथा बगल में उस विषय के परीक्षार्थी की सीट नहीं होगी। परीक्षा के समय केंद्र पर कालेज के प्रबंधक एवं अध्यक्ष उपस्थित नहीं हो सकेंगे। यदि ऐसा पाया गया तो केंद्र को संदिग्ध मानकर कार्रवाई की जाएगी। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सिर्फ ओएमआर उत्तर पुस्तिका का ही प्रयोग करें। इसके निर्देश परीक्षा नियंत्रक ने जारी किए हैं।

एलएलबी, एलएलएम प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 11 से

जागरण संवाददाता : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने एलएलबी और एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं अब 11 अप्रैल से कराने की तैयारी की है। इसके लिए सोमवार को प्रस्ताव बनाकर परीक्षा नियंत्रक को भेज दिया गया है। जल्द ही विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

विधि संकाय ने जनवरी के तीसरे सप्ताह से ये परीक्षाएं प्रस्तावित की थीं। विद्यार्थियों के विरोध पर ये परीक्षाएं दो मार्च से प्रस्तावित की गईं। इसमें भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने सहमति नहीं दी। कहा गया कि सभी स्नातक पाठ्यक्रमों

की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं एक साथ होंगी। इसके बाद विधि संकाय ने दो अप्रैल से एलएलबी व एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं कराने का प्रस्ताव भेजा। अब फिर इसमें बदलाव करते हुए 11 अप्रैल की तिथि रखी गई है।

विधि संकाय के अध्यक्ष प्रो. सीपी सिंह का कहना है कि एलएलबी आनर्स, एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलएम की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं अब 11 अप्रैल से होंगी। इसमें विश्वविद्यालय सहित चार जिलों के 38 कालेज के विद्यार्थी शामिल होंगे। रेगुलर की परीक्षाएं 22 अप्रैल को समाप्त होंगी।

पहले दिन की परीक्षाएं और उनका समय

बी.ए प्रथम सेमेस्टर : फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत, पाली-1 (मेजर, माइनर)। सुबह नौ से 12 बजे तक

बी.एससी प्रथम सेमेस्टर व बीए प्रथम सेमेस्टर (एंथ्रोपोलोजी, स्टैटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स)- जियोलाजी-(मेजर, माइनर)- पेपर 1, दोपहर दो से शाम पांच बजे तक।

बी.एससी होम साइंस-प्रथम सेमेस्टर-फंडामेंटल्स आफ फूड्स एंड न्यूट्रिशनल बायोकेमिस्ट्री। दोपहर दो से शाम पांच बजे तक।

लखनऊ विश्वविद्यालय में 100 कर्मचारी अनुपस्थित, चेतावनी

लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सोमवार को 20 से ज्यादा विभागों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें करीब 100 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सभी को दोबारा अनुपस्थित मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कुलसचिव ने बताया कि सोमवार को सुबह सवा 10 बजे से साढ़े 10 बजे के बीच डिस्पैच अनुभाग, सामान्य प्रशासन, सूचना प्रकोष्ठ, छात्रवृत्ति अनुभाग, शोध अनुभाग, विधिक प्रकोष्ठ, सहायक कुलसचिव पर्सनल स्टाफ, शिक्षक अनुभाग, शिक्षणेत्तर अनुभाग, मीटिंग अनुभाग, सबद्धता अनुभाग, डीटीपी अनुभाग, केंद्रीय लेखा कार्यालय, परीक्षा विभाग, जंतु विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग, और व्यापार प्रशासन विभाग का औचक निरीक्षण किया गया। करीब 100 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। सबसे ज्यादा टैगोर लाइब्रेरी से 16 कर्मचारी गायब मिले। उपस्थित पंजिका पर क्रास लगाया गया। उन सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद के पूर्व अध्यक्ष रिंकू राय का कहना है कि कई कर्मचारी निजी कारणों से अवकाश पर थे। वह भी देखा जाए कि कक्षाएं समय से लगती हैं या नहीं। कितने शिक्षक परीक्षा की ड्यूटी करते हैं, क्योंकि ज्यादातर परीक्षा में ड्यूटी नहीं करते।

छूटी विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा 4 को

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय बीएससी पांचवे सेमेस्टर केमिस्ट्री में छूटे और एलनप्टेड विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं चार अप्रैल को कराएगा। यह परीक्षा सुबह नौ बजे से केमेस्ट्री विभाग में होगी। छात्र-छात्राओं को 500 रुपये कैशियर कार्यालय में जमा करके उसकी रसीद और पहचान पत्र लेकर आना होगा।। (जासं)

तनाव मुक्ति पर कार्यशाला

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बीफार्मा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अप्रैल के पहले सप्ताह में होनी हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए सोमवार को संस्थान के सेमिनार हाल में 'स्ट्रेस मैनेजमेंट' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। साइकोलाजी विभाग की हेड डा. अर्चना शुक्ला ने विद्यार्थियों को तनाव दूर करने के उपाय बताए। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। (जासं)

लवि में हुई फेस-हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कान्सपरस के विशेष शिविर में सोमवार को फेस पेंटिंग, हैंड पेंटिंग, कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। फेस पेंटिंग-हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता की थीम युद्ध, शांति एवं वन्य जीवन तथा कविता वाचन प्रतियोगिता की थीम आजादी का अमृत महोत्सव रखा गया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक फेस पेंटिंग बनाई। इस अवसर पर स्वयंसेवकों को आरटी हरदीन जागरूकता पर प्रशिक्षकों ने ट्रेनिंग भी दी।। (जासं)